**" दिनांक 07 अप्रैल 2015 को राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान के सभागार में एस0सी0ई0आर0टी0 एवं सीमैट के साथ आयोजित बैठक का कार्यवृत्त"**

दिनांक 07 अप्रैल 2015 को डा0 कुसुम पन्त, निदेशक अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण की अध्यक्षता में राज्य परियोजना कार्यालय के सभागार में वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2015–16 में भारत सरकार की पी0ए0बी0 द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत पैडागॉजी की गतिविधियों के संचालन में एस0सी0ई0आर0टी0 एवं सीमैट के सहयोग से सम्पादित की जाने वाली गतिविधियों की सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों की सूची निम्नवत् है–

1. डा0 मुकुल कुमार सती, अपर राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान, उत्तराखण्ड देहरादून।
2. श्री एस0सी0 भट्ट, एच0ओ0डी0 सीमैट, उत्तराखण्ड देहरादून।
3. श्री एम0एस0 बिष्ट, विशेषज्ञ पैडागॉजी, राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, उत्तराखण्ड देहरादून।
4. श्रीमती अनुज्ञा पैन्यूली, प्रवक्ता, एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड देहरादून।
5. श्री मनोज कुमार शुक्ला, प्रवक्ता, एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड देहरादून।
6. श्रीमती नमिता भण्डारी, प्रवक्ता, एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड देहरादून।
7. डा0 हेमलता तिवारी, प्रवक्ता, एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड देहरादून।
8. श्री शैलेष कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता, एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड देहरादून।
9. डा0 विनोद प्रसाद सेमवाल, प्रवक्ता, एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड देहरादून।
10. डा0 सुनील कुमार गौड़, प्रवक्ता, एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड देहरादून।
11. डा0 डी0एस0 लिंगवाल, प्रवक्ता, एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड देहरादून।
12. श्री एम0एम0 जोशी, प्रवक्ता, एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड देहरादून।
13. डा0 हरेन्द्र सिंह अधिकारी, प्रवक्ता, एस0सी0ई0आर0टी0, उत्तराखण्ड देहरादून।
14. डा0 दिनेश प्रसाद रतूडी, सीनियर प्रोफेशनल सीमैट, उत्तराखण्ड देहरादून।
15. श्री बी0पी0 मैन्दोली, समन्वयक पैडागॉजी, राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, उत्तराखण्ड देहरादून।
16. श्री अरुण सिंह बिष्ट, समन्वयक पैडागॉजी, राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान, उत्तराखण्ड देहरादून।

बैठक में सर्व प्रथम विशेषज्ञ पैडागॉजी द्वारा वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2015–16 में भारत सरकार की पी0ए0बी0 द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत पैडागॉजी की गतिविधियों के संचालन हेतु सैद्धान्तिक सहमति के क्रम में प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने अवगत कराया है कि पैडागॉजी की कुछ गतिविधियाँ यथा सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण, सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण हेतु मॉड्यूल निर्माण, सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण हेतु मुख्य संदर्भदाता

प्रशिक्षण, शोध अध्ययन, राज्य स्तरीय शैक्षिक संप्राप्ति सर्वेक्षण (SLAS), PINDICS, न्यूपा मॉड्यूल पर संदर्भदाताओं का प्रशिक्षण इत्यादि का क्रियान्वयन एस0सी0ई0आर0टी0 एवं सीमैट के माध्यम से किया जाना है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2014–15 में पैडागॉजी के अन्तर्गत निम्न गतिविधियाँ एस0सी0ई0आर0टी0 के माध्यम से संचालित की जानी थी–

| क्र. सं. | स्वीकृत शोध अध्ययन एवं संप्राप्ति सर्वेक्षण | शोध अध्ययन हेतु स्वीकृत धनराशि (₹ लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 5% Sample checking of DISE data 2013-14 | 6.29 |
| 2 | Study of Inclusive Education for Home based programme /SRP/all CWSN children and their beneficiaries | 10.00 |
| 3 | Study on Validation of different Indicators for access and achievement | 8.00 |
| 4 | State Learning Level Assessment (SLAS) of Children Class II & V | 8.00 |
| | **Total** | **32.29** |

उक्त के सम्बन्ध में निदेशक, अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त शोध अध्ययन एवं संप्राप्ति सर्वेक्षण का कार्य सम्पन्न कराने हेतु एस0सी0ई0आर0टी0 के प्रवक्ताओं को कार्य विभाजित कर लिया गया है तथा दिनांक 10 अप्रैल 2015 को राज्य संदर्भ समूह की बैठक में Flow Chart एवं Synopsis प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये साथ ही वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 हेतु स्वीकृत संप्राप्ति सर्वेक्षण को दिनांक 9 अप्रैल, 2015 की Steering Committee की बैठक में अद्यतन प्रगति एवं आगामी कार्य योजना प्रस्तुत करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2015–16 में पी0ए0बी0 द्वारा पैडागॉजी हेतु सैद्धान्तिक सहमति के क्रम में गतिविधिवार निम्नवत् कार्य योजना बनायी गयी –

**<u>सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण</u> :–**

सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण को प्रथम त्रैमास में सम्पन्न कराने हेतु निर्णय लिया गया कि सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण एस0सी0ई0आर0टी0 एवं डायट के सहयोग से सम्पादित किया जाय 20 अप्रैल, 2015 से दिनांक 25 अप्रैल, 2015 तक सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण हेतु निर्मित माड्यूल का पुनरावलोकन एवं माड्यूल का निर्माण कर लिया जाय। दिनांक 27 अप्रैल, 2015 से 4 मई, 2015 तक राज्य स्तर पर 8 दिवसीय मुख्य संदर्भदाता प्रशिक्षण सम्पादित किया जाय। दिनांक 8 मई, 2015 से 15 मई, 2015 तक डायट में मास्टर टैनर का प्रशिक्षण सम्पन्न करा लिया जाय। (दो फेरो में) 19 मई, 2015 से विकास खण्ड स्तर पर अध्यापकों का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जाय जोकि प्रत्येक दशा में 15 जुलाई, 2015 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण हो जाय।

**<u>न्यूपा मॉड्यूल पर प्रशिक्षण</u> :–** उक्त के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि रिसोर्स पर्सन्स का प्रशिक्षण सीमैट के माध्यम से सम्पादित किया जाय इस हेतु स्वीकृत धनराशि भारत सरकार से प्राप्त होने के उपरान्त सीमैट को अन्तरित की जाय। प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण सर्व शिक्षा अभियान द्वारा रिसोर्स पर्सन्स के प्रशिक्षण के तुरन्त बाद सम्पन्न किया जाय।

**काल्प प्रशिक्षणः–** काल्प प्रशिक्षण हेतु निर्णय लिया गया कि माड्यूल का निर्माण एवं मुख्य संदर्भदाता प्रशिक्षण राज्य स्तर पर माह जून 2015 में एस0सी0ई0आर0टी0 एवं डायट के सहयोग पूर्ण किया जाय एवं माह जुलाई / अगस्त 2015 में डायट्स में काल्प अध्यापकों का प्रशिक्षण सम्पन्न किया जाय।

**सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) :–** राज्य के समस्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों का आकलन सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया द्वारा किया जाना है। इस संदर्भ में एस0सी0ई0आर0टी0 से दिशा निर्देश तैयार कर जनपदों को अविलम्ब प्रेषित जाय।

**क्रियात्मक शोध (Action Research) :–** वर्ष 2015–16 हेतु प्रत्येक जनपद में विद्यालय स्तर पर अध्यापकों के माध्यम से किये जाने वाले 25–25 क्रियात्मक शोध डायट के माध्यम से सम्पन्न करवाये जाने हैं तथा डायट द्वारा शोध कार्यो का अभिलेखीकरण करके माह फरवरी, 2016 तक सम्बन्धित जिला परियोजना कार्यालय एवं राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान को उपलब्ध करवाया जाना है।

**गुणात्मक अनुश्रवण टूल्स (Quality Monitoring Tools) :–** गुणात्मक अनुश्रवण टूल्स विद्यालय स्तर से संकुल, ब्लाक, जिला एवं राज्य स्तर पर उपलब्ध करवाये जायेंगे विस्तृत दिशा निर्देश सी0सी0ई0 निर्देशों के पश्चात निर्गत किये जायेंगे।

**वर्ष 2015–16 स्वीकृत शोध अध्ययन एवं संप्राप्ति सर्वेक्षणः–** सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2015–16 में पैडागॉजी के अन्तर्गत निम्न गतिविधियाँ एस0सी0ई0आर0टी0 के माध्यम से संचालित की जानी है –

1. 5% Sample checking of DISE data 2014-15.
2. State Learning Level Assessment (SLAS) of Children Class VIII.
3. PINDICS.
4. TMS/CWSN साफ्टवेयर का विकास / प्रयोग।

उक्त के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि संदर्भित गतिविधियों हेतु स्वीकृत धनराशि भारत सरकार से प्राप्त होने के उपरान्त एस0सी0ई0आर0टी0 को अन्तरित की जाय एवं समयान्तर्गत उक्त शोध अध्ययन एवं सम्प्राप्ति सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया जाय।

**ब्लॉक समन्वयक तथा संकुल समन्वयक के कार्य एवं दायित्वों की मासिक आख्या प्राप्ति :–** डायट प्राचार्यो द्वारा प्रत्येक माह ब्लॉक समन्वयक तथा संकुल समन्वयक के कार्य एवं दायित्वों की मासिक आख्या महानिदेशक एवं एस0सी0ई0आर0टी0 को उपलब्ध करायी जानी है जिसके संदर्भ में डायट्स को पूर्व में निर्देश दिये गये थे, अद्यतन जनपद उत्तरकाशी एवं आंशिक रूप से जनपद रूद्रप्रयाग को छोड़कर किसी भी अन्य जनपद से आख्या प्राप्त नहीं हुई है। इस संदर्भ में निर्णय लिया गया कि अविलम्ब निदेशक अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण के माध्यम से समस्त डायट प्राचार्य को निर्देश दिये जाय, जिससे कि प्रत्येक माह समयान्तर्गत सूचना का संकलन कर शासन तथा महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा को प्रगति आख्या से अवगत कराया जा सके। अपर राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान द्वारा पैडागॉजी पटल को निर्देशित किया गया है कि वे भी समस्त प्राचार्य डायट को उक्त सूचना उपलब्ध कराने हेतु दूरभाष से सूचित करें। उक्त के अतिरिक्त निदेशक अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण व अपर राज्य परियोजना निदेशक द्वारा निम्न निर्देश / सुझाव दिये गये।

1. एस0सी0ई0आर0टी0 गतिविधि पुस्तिकाओं की पुनः समीक्षा करें।
2. शिक्षक प्रशिक्षण में योग्य एवं रूचि रखने वाले प्रशिक्षकों का चयन किया जाय।
3. प्रत्येक माह कम से कम एक बैठक एस0सी0ई0आर0टी0 के साथ आयोजित की जाय।
4. जिला समन्वयक, पैडागॉजी कम से कम एक दिन अपने–अपने डायट में आवश्य जाये।

अन्त में धन्यवाद के साथ बैठक का समापन किया गया।

15/4/2015
(डा0 मुकुल कुमार सती)
अपर राज्य परियोजना निदेशक
उत्तराखण्ड, देहरादून।

**पृ0सं0:–** अ0रा0प0नि0 / 93 / पैडागॉजी 75(01) / 2015–16 दिनांक 15 अप्रैल, 2015.

**प्रतिलिपः–**

1. राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान के अवलोकनार्थ।
2. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, उत्तराखण्ड देहरादून को अवलोकनार्थ।
3. निदेशक, अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण, उत्तराखण्ड देहरादून को अवलोकनार्थ।
4. समस्त प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. समस्त जिला परियोजना अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, उत्तराखण्ड सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

15/4/15
(डा0 मुकुल कुमार सती)
अपर राज्य परियोजना निदेशक
उत्तराखण्ड, देहरादून।

O/C